हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 12 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम .30 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

4
बोर्ड के परिणाम के बाद टीआरएन एनर्जी करेगा बच्चों का सम्मान





## रेलवे लाइन में 13 गांव के 700 किसान प्रभावित, बिना परमिशन कुछ लोग बैठे धरने पर

# तमनार कांड के बाद एहतियात, जमीन अधिग्रहण का विरोध कर रहे किसानों को दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेल लाइन से पुसौर और रायगढ़ ब्लॉक के 13 गांव के करीब 700 किसान प्रभावित हैं। इनमें से अधिकांश ने तो मुआवजा ले लिया है, लेकिन कुछ लोगों ने लेने से इंकार कर दिया है। उनके द्वारा बढ़े हुए रेट से मुआवजे की मांग की जा रही है। मुआवजा नहीं लेने वाले कुछ किसान धरने पर बैठे हैं। दूसरी ओर तमनार कांड के बाद एहतियातन इसमें सें तीन किसानों को नोटिस देकर प्रदर्शन खत्म करने कहा गया है। हालांकि नोटिस का कोई असर नहीं पड़ा है और अभी भी लोग धरने पर बैठे हैं।

रेल कनेक्टिविटी और कोयला परिवहन के लिए रेल लाइन का काम चालू हो गया है। इसमें पुसौर और रायगढ़ ब्लॉक के 13 गांव से होकर रेल गुजरेगी। यहां रेल लाइन का निर्माण किया जाना है। कुछ काम भी चालू हो चुका है। इसके लिए जिन किसानों का जमीन जद में आ रहा था उनका मुआवजा तैयार किया गया था। कुछ किसान मुआवजा ले लिया है तो कुछ लोगों ने लेने से इंकार कर दिया है। इसमें से कुछ किसान कुछ दिनों से गेजामुड़ा के आसपास धरने पर भी बैठे हैं। बिना परमिशन धरना प्रदर्शन करने के कारण एसडीएम महेश शर्मा ने तीन लोगों को नोटिस जारी धरना खत्म करने कहा था। अब किसान धरना खत्म किए या नहीं इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।



### खेतों में लग रही है आग

जानकारी मिली है कि कुछ किसानों के खेतों में आग लगने की घटना भी सामने आई है। वहां किसानों ने रबी सीजन में फसल भी लगाया है। ऐसे में फसल नुकसान होने की डर किसानों को सता रहा है। हालांकि किसानों ने इसकी शिकायत न तो पुलिस में की है और न ही प्रशासन से । ऐसे में इसकी जानकारी प्रशासन और पुलिस को भी नहीं है। किसान बढ़े हुए रेट पर मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

### आधिपत्य लेने से रोका तो एफआईआर

जानकारी मिली है कि कुछ दिन पहले गेजामुड़ा के किसानों ने डीआईसी को जमीन का आधिपत्य लेने से मना कर दिया था। इस दौरान विवाद की स्थिति भी निर्मित होने की जानकारी मिली है। इसके कारण कुछ किसानों के खिलाफ एफआईआर भी करानें की जानकारी मिल रही है। मुआवजा कम होने की वजह से किसानों ने लेने से इंकार कर दिया है।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने लिया चावल उत्सव का जायजा

**रायगढ़।** राज्य शासन के निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत संचालित उचित मूल्य दुकानों में प्रतिमाह आयोजित किए जाने वाले चावल उत्सव का कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिले में निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिले के खरसिया विकासखंड के ग्राम चपले स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान के समक्ष आयोजित चावल उत्सव में पहुंचकर कलेक्टर ने लाभार्थियों से सीधे संवाद किया और वितरण प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उत्सव में अधिक से अधिक हितग्राहियों सह लाभार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा वितरण व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी और सुचारु रहे।

### सिविल अस्पताल खरसिया पहुंचे कलेक्टर

**रायगढ़।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज खरसिया के सिविल अस्पताल तथा चपले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां व्यवस्थाओं की हकीकत जानी और अधिकारियों को आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल में जेनेरिक दवाइयों की उपलब्धता, डॉक्टरों व स्टाफ की तैनाती तथा मरीजों को मिल रही सुविधाओं की विस्तार से जानकारी ली।

### सत्यापन के लिए विशेष शिविरों का आयोजन

**रायगढ़।** दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधानों एवं भारत सरकार की यूडीआईडी कार्ड परियोजना के तहत जिले के सभी 21 प्रकार के दिव्यांगजनों के चिन्हांकन, मूल्यांकन एवं शत.प्रतिशत प्रमाणीकरण के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन भी इन शिविरों में किया जाएगा।

### 25 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**सरिया।** सरिया पुलिस 25 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 फरवरी को ग्राम भठली आरोपी के घर-बाड़ी के पास घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की। तलाशी के दौरान आरोपी गोकुल बेहरा पिता संतोष बेहरा 32 ग्राम भठली के कब्जे से दो प्लास्टिक जरीकेन प्रत्येक 10 लीटर क्षमता में भरी 20 लीटर तथा एक 5 लीटर क्षमता के जरीकेन में भरी 5 लीटर कच्ची महुआ जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34,2ए 59,क आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

### जिला अस्पताल में कूल्हे की टीबी का सफल उपचार

**रायगढ़।** कूल्हे में लगातार दर्द और चलने में परेशानी से जूझ रहे मरीजों के लिए रायगढ़ जिला अस्पताल राहत का केंद्र बन रहा है। यहां कूल्हे की टीबी से पीड़ति मरीजों का नियमित उपचार और सर्जरी की जा रही हैए जिससे वे फिर से सामान्य जीवन की ओर लौट रहे हैं। इलाज से लौटी चलने की क्षमता तहसील तमनार के ग्राम.जरेकेला निवासी 33 वर्षीय गुलाब राम, जो पेशे से मिस्त्री हैं, चार माह पूर्व गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल लाए गए थे। कूल्हे की टीबी से पीड़ति होने के कारण वे चलने में पूरी तरह असमर्थ थे, जिससे उनकी आजीविका भी प्रभावित हो रही थी।



## 2 करोड़ 20 लाख की लागत से फिल्टर प्लांट का होगा रिनोवेशन और अपग्रेडेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बुधवार को एमआईसी की बैठक महापौर जीवर्धन चौहान की अध्यक्षता में हुई। इसमें 17 करोड़ 18 लाख के विकास कार्यों को स्वीकृत किया गया। इसमें सबसे बड़े कार्यों में फिल्टर प्लांट के रिनोवेशन एवं अपग्रेडेशन कार्य जिसकी लागत 2 करोड़ 20 लाख को स्वीकृत किया गया। इसी तरह 25 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में सपवेल निर्माण पंप इंस्टॉलेशन एवं पाइपलाइन विस्तार 5 करोड़ 27 लाख के कार्य है इसकी स्वीकृत दी गई। इसके बाद 25 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एक करोड़ 75 लाख की लागत में बिजली उत्पादन करने हेतु सोलर पैनल लगाने के कार्यों को स्वीकृत किया गया।

बैठक में सबसे पहले एजेंडा क्रमांक 1 से लेकर 8 तक में विभिन्न जोन के सफाई कार्य के लिउ प्लेसमेंट कर्मचारियों की स्वीकृति दी गई। इसी तरह बस स्टैंड से इंदिरा नगर के मध्य नाला पर पुल निर्माण कार्य के लिए पाइपलाइन विस्थापित करने संबंधित एक करोड़ 26 लाख के कार्यों पर चर्चा करते हुए स्वीकृत किया गया। इसके बाद चांदनी चौक से राजा महल के मध्य पाइप लाइन को विस्थापित करने के लिए एक करोड़ 8 लाख की लागत के कार्य को स्वीकृति दी गई। इसके बाद दीनदयाल उपाध्याय भूजल संवर्धन मिशन शहरी योजना के 10 कार्यों करीब 60 लाख की लागत को सहमति दी गई। इसी तरह दो दुकानों के नामांतरण को परिषद की बैठक में रखने की सहमति बनी। कोसाबाड़ी दूध डेयरी में ऑक्सीजोन निर्माण कार्य को स्वीकृत किया गया। आर्किटेक्ट हायर करने संबंधित एजेंडा को स्वीकृति दी गई। बैठक में फूल बाजार स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया।



### एक करोड़ 75 लाख की लागत में बिजली उत्पादन के लिए लगेगा सोलर पैनल

## प्लांट में झुलसे मासूम बेटी के बाद पिता और दादा की सांसें भी थमीं, एक परिवार के तीन लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मंगलवार-बुधवार की मध्य रात्रि फिर एक दर्द भरी सूचना ने गांव वालों के साथ जिलेवासियों को पूरी तरह से झकझोर कर रख दिया है। मंगल कार्बन फैक्टरी में झुलसे मासूम बेटी के बाद उसके पिता और दादा की सांसें भी देर रात थम गई है। एक परिवार के तीन लोगों की मौत से गांव में मातम पसर गया है। वहीं इस हादसे में झुलसे एक अन्य परिवार के जवान बेटे ने भी देर रात अंतिम सांसें ली। मंगल कार्बन फैक्टरी हादसे के शिकार अब तक चार की मौत चुकी है। अब इस पूरे घटनाक्रम को देखते हुए मालिक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तय मानी जा रही है। पुलिस की रिपोर्ट और औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग की याचिका में अब धाराएं बढ़ाई जाएगी।

बीते 5 फरवरी को खरसिया के बानीपाथर स्थित मंगल कार्बन फैक्टरी में हुए हादसे में सात दिन के भीतर एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो चुकी है। 9 फरवरी को 9 महीने की मासूम बच्ची भूमि खड़िया पिता शिव खड़िया ने दम तोड़ दिया था। वहीं मंगलवार-बुधवार की देर रात बच्ची के पिता शिव खड़िया और इंदिवर पिता चमारसिंह 19 की भी मौत हो गई है। साथ ही बुधवार की देर शाम बच्ची की दादा साहेब लाल खड़िया 55 की भी मौत हो गई है। याने एक ही दिन इस हादसे के शिकार तीन लोगों की मौत से गांव वालों को सदमा जैसे लग गया है। याने इस घटना में अब तक चार की मौत हो चुकी है। तीन लोगों का अभी इलाज चल रहा है। जिन घायलों का उपचार चल रहा है उसमें कौशल कुमार पिता पतिराम पटेल, प्रिया पति चमार सिंह और मासूम बच्ची की मां उदासिन शामिल है। वहीं अब तक चार लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। इसमें 9 महीने की मासूम बच्ची भूमि, उसके पिता शिव खड़िया और दादा साहेब लाल खड़िया शामिल है। इसके अलावा इंदिवर की सांसें भी थम गई है।



**खास बात**

- मंगल कार्बन फैक्टरी हादसे में अब तक चार की मौत, अब मालिक को हो सकता है जेल

### धीरे-धीरे फैलता है संक्रमण

जानकारी के मुताबिक झुलसने के बाद इसका संक्रमण शरीर में धीरे-धीरे फैलता है। जिन लोगों की मौत हुई है उनको 80-90 फीसदी जलने की बात सामने आई थी। अभी जो लोग अस्पताल में इलाज के भर्ती है उनकी हालात ठीक बताई जा रही है। जिनकी मौत हुई है उनके बारे में डॉक्टरों ने संक्रमण फैलने की बात तो कही थी, लेकिन उपचार की बात भी कही गई थी। ऐसे में उम्मीद थी की उनकी हालत में सुधार होगा, लेकिन मध्य रात्रि के बाद दुखद खबर आई। इसके बाद तो गांव में सन्नाटा पसर गया।

### एक दो दिन में दायर होगी याचिका

औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारी आज याचिका दायर करने ही वाले थे कि अस्पताल से यह दुखद खबर आ गई । इसके कारण याचिका दायर नहीं हो सका है। जानकारी मिली है कि एक दो दिन में श्रम न्यायालय में विभाग की ओर से याचिका दायर कर दी जाएगी।

## बिरसा मुंडा स्टेडियम में अंतराष्ट्रीय हॉकी प्रो लीग शुरू

**राउरकेला।** बहुप्रतीक्षित एफआईएच हॉकी प्रो लीग के तहत बेल्जियम और अर्जेंटीना के बीच अंतरराष्ट्रीय मुकाबला मंगलवार को बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी राउरकेला में आयोजित हुआ। राउरकेला में पांच दिवसीय अंतराष्ट्रीय हॉकी प्रो लीग का यह पहला मैच है। बुधवार को दूसरा मैच हुआ, जिसमें भारत के साथ बेल्ज़ियम के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ।

विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित इस स्टेडियम में आयोजित मैच को लेकर खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। उद्घाटन मैच में ओडिशा सरकार के खेल एवं युवा सेवाएं, उच्च शिक्षा तथा ओड़िया भाषा, साहित्य एवं संस्कृति मंत्री सूर्यबंशी सुरज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में बनाई के विधायक लक्ष्मण मुंडा और राउरकेला के विधायक शारदा प्रसाद नायक शामिल थे। ओडिशा सरकार के खेल एवं युवा सेवाएं विभाग के निदेशक डॉ. येदुला विजय आईएएस ने आयोजन की व्यवस्थाओं की निगरानी की। भारतीय हॉकी प्रशासन की ओर से हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार तिर्की, एशियाई हॉकी महासंघ के उपाध्यक्ष एवं हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह तथा हॉकी इंडिया के महानिदेशक कमांडर आरके श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

### पीयूसीसी पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

**राउरकेला।** प्रदूषण अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट पीयूसीसी जारी करने को लेकर ओडिशा हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि वाहन मालिक सभी लंबित ट्रैफिक चालान का भुगतान किए बिना पीयूसीसी प्राप्त नहीं कर सकेंगे। इस संबंध में जानकारी राज्य के महाधिवक्ता पीतांबर आचार्य ने दी, जिन्होंने इस मामले में राज्य सरकार की ओर से पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि अदालत ने मोटर वाहन अधिनियम की धारा 167 की उपधारा 12 के प्रावधानों के अनुसार यह निर्णय सुनाया है। अदालत के आदेश के अनुसार प्रदूषण प्रमाणपत्र जारी करने से पहले सभी बकाया जुर्माने का निपटारा अनिवार्य कर दिया गया है। इस फैसले से यातायात नियमों और मोटर वाहन कानूनों के सख्त अनुपालन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## रील के शौकीन ने पहुंचा दिया जेल, गन के साथ सोशल मीडिया में किया था पोस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कुछ दिन पूर्व इंस्टाग्राम आईडी से एक युवक द्वारा गन के साथ रील बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जाने की जानकारी आई थी। उक्त आपत्तिजनक वीडियो में युवक द्वारा सार्वजनिक स्थान पर हथियार का प्रदर्शन किया गया था, जिससे आमजन में भय का वातावरण निर्मित होने की आशंका थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी शशि मोहन सिंह द्वारा एडिशनल एसपी अनिल सोनी और एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल को संबंधित इंस्टा आईडी धारक के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

जांच में उक्त इंस्टाग्राम आईडी धारक की पहचान वार्ड क्रमांक 09 पुरानी बस्ती खरसिया निवासी दीदार अली के रूप में हुई। पुष्टि हुई कि युवक वर्तमान में बेहरापारा, धरमजयगढ़ में उसके जीजा के घर रह रहा है तथा वीडियो धरमजयगढ़ के सार्वजनिक मार्ग पर बनाया गया था। इसके बाद टीआई अमित तिवारी के साथ खरसिया. धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा युवक को तलब कर पूछताछ की गई। पूछताछ में अनावेदक दीदार अली पिता निषार अली उम्र 33 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती खरसिया वार्ड क्रमांक 09 वर्तमान पता शेख अकरम परवेज का मकान, बेहरापारा वार्ड क्रमांक 09 धरमजयगढ़ ने बताया कि रील में प्रयुक्त हथियार छर्रावाला ईयरगन है, जिसके लिए लाइसेंस की आवश्यकता नहीं होती। सार्वजनिक स्थान पर उसे खतरनाक हथियार की तरह प्रदर्शित कर सोशल मीडिया में अपलोड करना शांति एवं कानून व्यवस्था की दृष्टि से अनुचित पाया गया। सार्वजनिक स्थल पर हथियारनुमा वस्तु का प्रदर्शन कर दहशत का वातावरण निर्मित करने के कारण धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा अनावेदक के विरुद्ध धारा 126, 135,3 बीएनएसएस के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई तथा उसे भविष्य में ऐसी गतिविधि से दूर रहने की कड़ी समझाइश दी गई है।



### नशे के खिलाफ जागरूकता रैली

**राउरकेला।** नशीले पदार्थों का बढ़ता उपयोग आज एक गंभीर सामाजिक समस्या के रूप में उभर रहा है। इसका प्रभाव केवल वयस्कों तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चे और युवा वर्ग भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को क्षेत्र में सामाजिक अव्यवस्थाओं और आपराधिक गतिविधियों में वृद्धि से भी जोड़ा जा रहा है, जिससे समाज के समग्र विकास पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। नशीले एवं आदत बनाने वाले पदार्थों के प्रसार और सेवन पर रोक लगाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने हाल ही में गुटखा तथा इसी प्रकार के उत्पादों की बिक्री पर सख्त दिशा निर्देश जारी किए हैं। इसके अतिरिक्त प्रशासन द्वारा समय समय पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजन, विशेषकर विद्यार्थियों और युवाओं को नशा तथा तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया जा रहा है।

### नावापारा में सरसों फसल प्रदर्शन का लिया जायजा, किसानों से किया सीधा संवाद

## सरसों के पितांबरी पुष्पों से सजे खेतों में किसानों के साथ पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में फसल विविधीकरण और तिलहन क्षेत्र विस्तार को गति देने के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने बुधवार को खरसिया ब्लॉक के ग्राम नावापारा पूर्व का दौरा किया। मैदानी हकीकत जानने के लिए कलेक्टर पगडंडियों से होते हुए पैदल किसानों के खेत तक पहुंचे और सरसों फसल प्रदर्शन का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। खेत में खड़ी फसल देखकर उन्होंने किसानों से संवाद किया और उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। जिला खनिज संस्थान न्यास मद अंतर्गत जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में खरीफ 2025 में मूंगफली 510 हेक्टेयर एवं तिल 520 हेक्टेयर क्षेत्र में तथा रबी 2025-26 में सरसों 700 हेक्टेयर एवं सूर्यमुखी 200 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रदर्शन कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इन योजनाओं के तहत किसानों को निःशुल्क बीज एवं आवश्यक आदान सामग्री वितरित की गई है जिससे जिले में तिलहन उत्पादन को बढ़ावा मिल रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसानों के साथ जिले में धान का रकबा संतुलित करने तथा दलहन, तिलहन एवं मक्का फसलों के क्षेत्र विस्तार पर विस्तार से चर्चा की। भ्रमण के दौरान कलेक्टर के साथ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खरसिया प्रवीण तिवारी, उप संचालक कृषि रायगढ़ अनिल वर्मा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी खरसिया नीलाम्बर सिदार, कृषि विकास अधिकारी नृपराज डनसेना तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी नावापारा अनिल भगत उपस्थित रहे।



### तेल मिल की स्थापना पर चर्चा

उन्होंने तिलहन उत्पादन बढ़ाने के साथ.साथ क्षेत्र में तेल मिल स्थापना की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया, ताकि किसानों को बेहतर मूल्य संवर्धन और विपणन सुविधा मिल सके। ग्राम नावापारा में आयोजित सरसों फसल प्रदर्शन को देखकर कलेक्टर ने किसानों की मेहनत एवं कृषि विभाग के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फसल विविधीकरण की दिशा में सतत मार्गदर्शन, तकनीकी सहयोग और प्रोत्साहन जारी रखा जाएए ताकि किसानों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

## जल जीवन मिशन के काम को पूरा करने डेढ़ महीने का अल्टीमेटम



**रायगढ़।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज जिले के भेलवाटिकरा.सम्बलपुरी समूह जल प्रदाय योजना का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन कार्यों का बारीकी से अवलोकन करते हुए प्रगतिए गुणवत्ता एवं निर्धारित समय.सीमा की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित विभागीय उपअभियंता एवं ठेकेदार को निर्देश देते हुए कहा कि योजना के अंतर्गत शेष समस्त कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप 31 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कार्यपालन अभियंता श्रीमती प्रतिभा नवरतन उपस्थित थी।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने खिलाई स्कूली बच्चों को फाइलेरिया की दवा

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के हाथों पीएमश्री स्कूल सारंगढ़ में विद्यार्थियों को फाइलेरिया हाथी पांव रोग से बचने के लिए उनके उम्र और ऊचाई के आधार पर दवा वितरण किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ निराला सहित स्वास्थ्य अमला और स्कूल के शिक्षक और विद्यार्थीगण उपस्थित थे। फाइलेरिया याने हाथीपांव की बीमारी एक परजीवी के कारण होता है जिसे मादा क्यूलेक्स मच्छर के द्वारा फैलाया जाता है। हाथीपांव की बीमारी के परजीवी जब सूक्ष्म रूप में होता है तभी उसे नष्ट कर सकते है। जवान होने की स्थिति में इसे समाप्त नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि परजीवी को नष्ट करने के लिए पूरे समुदाय को आईडी, की दवाई खिलाई जाती है। परजीवी के बड़े होने की स्थिति में मानव शरीर के लासिका तंत्र को बाधित करता हैए परिणाम स्वरूप पैरों में सूजन होती है। एक बार पैर में सूजन हो जाने के बाद इसे ठीक नहीं किया जा सकता है। इसलिए फाइलेरिया होने के पहले ही जब सूक्ष्म रूप में परजीवी होता है तब उसे मारा या नष्ट किया जा सकता है। यही कारण है कि समुदाय को एक साथ दवाई खिलाई जाती है। फाइलेरिया या हाथीपांव उन्मूलन का यह अभियान 10 फ़रवरी से 25 फ़रवरी तक चलाया जाएगा। आंगनवाड़ी केंद्रों, शालाओं, कार्यालयों को बूथ बनाया गया है। लक्षित व्यक्तियों को दवाई खिलाएंगे।

### झारसुगुड़ा से फ्लाईऐश लाकर बेलडीह क्षेत्र पर डाला जा रहा

**राउरकेला।** झारसुगुड़ा से बड़े पैमाने पर फ्लाई ऐश लाकर राउरकेला के बेलडीह तथा आसपास के क्षेत्रों में अनाधिकृत रूप से डाले जाने का मामला सामने आया है। सामाजिक कार्यकर्त्ता व आर टी आई एक्टिविस्ट ने आरोप लगाया है कि बिना किसी वैध अनुमति के ट्रकों व हाइवा के माध्यम से फ्लाई ऐश का परिवहन कर इसे खाली जमीन और खेतीहर भूमि पर उंडेला जा रहा है, जिससे पर्यावरण और कृषि दोनों पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार इस गतिविधि के कारण उपजाऊ जमीन धीरे धीरे बंजर होती जा रही है। फ्लाई ऐश के कारण मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है और आसपास के प्राकृतिक जल स्त्रोत भी प्रदूषित हो रहे हैं। हवा में उड़ने वाली राख से वातावरण में प्रदूषण बढ़ रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### बाहरी ठेकेदारों के विरोध का महासंघ का ऐलान

**राउरकेला।** सरकारी टेंडर नियमों में हालिया संशोधन के विरोध में राउरकेला सरकारी ठेकेदार महासंघ ने बुधवार, 11 फरवरी को आरएमसी कार्यालय के समक्ष नेताजी फिटनेस पार्क में दूसरी बैठक आयोजित की। बैठक में सुपर, स्पेशल क्लास सहित सभी श्रेणियों के करीब 250 ठेकेदारों ने भाग लेकर एकजुटता का परिचय दिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि ठेकेदार शेड्यूल रेट पर ही निविदा दाखिल करेंगे। साथ ही बाहरी ठेकेदारों को राउरकेला में टेंडर प्रक्रिया में भाग न लेने की अपील करते हुए स्थानीय ठेकेदारों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। वरिष्ठ ठेकेदारों ने स्पष्ट कहा कि राउरकेला का विकास उनका मुख्य उद्देश्य है और राउरकेला का पैसा राउरकेला में ही रहे। इसी सोच के साथ बाहरी ठेकेदारों के बहिष्कार का संकल्प लिया गया।

### निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**जशपुरनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास ने तहसील कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम, वीवीपीएटी वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सील बंद वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वेयर हाउस में सीसीटीवी के माध्यम से भी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। निरीक्षण के दौरान सभी सुरक्षा व्यवस्था सही पाए गए। कलेक्टर ने वेयरहाउस में रखे गए निर्वाचन सामग्रियों के सुरक्षा के लिए निरंतर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी हरिओम द्विवेदी सहित राजनीतिक दल के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पीएम आवास भी तोड़ा, दो गिरफ्तार, अन्य आरोपी फरार

# घर में सो रहे परिवार को जेसीबी से कुचलने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुरकुंगा में रंजिश को लेकर दबंगों ने जेसीबी लेकर एक घर पर धावा बोल दिया। घर में सो रहे परिवार के साथ मारपीट की गई और शिकायतकर्ता को जेसीबी से कुचलने तक की कोशिश की गई। आरोप है कि हमलावरों ने प्रधानमंत्री आवास को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजकुमार उम्र 55 वर्ष ने 5 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि 4 फरवरी की रात वह परिवार के साथ सो रहा था।





### परिजनों और बीच-बचाव करने वालों से भी मारपीट

प्रार्थी के अनुसार आरोपियों ने परिवार के अन्य सदस्यों को भी नहीं बख्शा। बेटे पिताम्बर यादव को लाठी व लोहे की रॉड से पीटा गया। शोर सुनकर पहुंचे सरपंच, बीडीसी और ग्रामीण बीच-बचाव करने आए तो उनसे भी हाथापाई की गई, जिससे कई लोगों को चोटें आईं।

### बाकी की तलाश जारी

पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही उन्हें भी पकड़ लिया जाएगा।

### इन धाराओं में केस दर्ज

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 190, 191, 296, 116(2), 351(3), 109, 324 और 331 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की।

### दो आरोपी गिरफ्तार

त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शंकर राम उम्र 65 वर्ष, निवासी चराईमारा लूनेश्वर यादव उम्र 24 वर्ष, निवासी बहला टोली, चिटक्वाइन को हिरासत में लिया। पूछताछ में पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# आमने-सामने भिड़ीं दो बाइक, दो की मौके पर मौत, तीन गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आटापाठ के पास मंगलवार शाम तेज रफ्तार ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया गया है। दो घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

जानकारी के अनुसार केरे निवासी अर्जुन राम उम्र 40 वर्ष अपने साथी बुधनाथ और अवधेश के साथ जशपुर से मुर्गा लेकर गांव लौट रहे थे। उसी समय किनकेल निवासी अजेश्वर राम अपने साथी दिलीप के साथ दूसरी दिशा से आ रहा था। आटापाठ के समीप दोनों बाइक आमने-सामने आ गईं और





जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भिड़ंत के बाद दोनों बाइक सवार उछलकर दूर जा गिरे। अर्जुन राम और अजेश्वर राम ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। दिलीप सहित अन्य तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी और सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया।

# परिवहन विभाग ने पांच वाहनों को किया जब्त

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान अधिनियम 1991 की धारा 15 के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा कर व शास्ति बकाया होने के कारण 05 वाहनों को जप्त किया गया है।

परिवहन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जप्त किए गए वाहनों में भगत बस सीजी 14 जी 0338, सीजी 14 एमएल 0238, चिस्ती बस सीजी 14 जी 0197, हीराहरी बस सीजी 14 एमजी 9461 एवं बस सीजी 14 एमएच 6739 शामिल हैं। विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि अधिनियम की धारा के अधीन कोई कर, शास्ति या ब्याज उसी रीति में वसूल किया जा सकेगा जिस रीजि में भू-राजस्व की बकाया वसूल की जाती है। अधिनियम की धारा के अनुसार बकाया कर संबंधित वाहनों के कर, शास्ति एवं ब्याज की वसूली हेतु वाहन एवं उसके उपसाधनों को भू-राजस्व



■ एक सप्ताह के अन्दर बकाया कर जमा नहीं करने पर प्रवधानों के तहत वाहनों की जाएगी नीलामी


बकाया की भांति कुर्क व जप्त कर नीलाम किया जा सकता है। विभाग द्वारा संबंधित वाहनों के मालिकों को सूचित किया गया है कि 01 सप्ताह के अन्दर बकाया कर जमा नहीं करने पर प्रवधानों के तहत नीलामी की कार्यवाही किया जाएगा।

# आधार अटेंडेंस के फेर में नर्स से 85 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सरकारी कामकाज में डिजिटल सिस्टम का बढ़ता दायरा अब कर्मचारियों के लिए जोखिम भी बनता जा रहा है। आधार आधारित अटेंडेंस दर्ज नहीं होने की समस्या दूर कराने की कोशिश एक स्टाफ नर्स को भारी पड़ गई। साइबर अपराधियों ने मोबाइल हैक कर उनके बैंक खाते से 85 हजार रुपए पार कर दिए। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप है। पीड़िता विभा रानी वर्मा के अनुसार, उनके मोबाइल ऐप में लंबे समय से उपस्थिति दर्ज नहीं हो पा रही थी। दिक्कत दूर करने के लिए उन्होंने कार्यालय स्तर पर संपर्क किया। प्रक्रिया के दौरान उनसे ओटीपी मांगे गए। इसी दौरान ठग सक्रिय हो गए और मोबाइल का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया।

साइबर सेल की शुरुआती जांच में सामने आया है कि



■ विभागीय ग्रुप से आई संदिग्ध फाइल खोलते ही मोबाइल हुआ हैक

■ सिम बंद कर खाते से उड़ाई रकम

विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप में एक कर्मचारी के नंबर से 'पीएम किसान'नाम की संदिग्ध एपीके फाइल शेयर की गई थी। सरकारी ग्रुप होने के कारण पीड़िता को भरोसा हुआ और उन्होंने फाइल खोल ली। इसके बाद मोबाइल हैकर्स के कब्जे में चला गया।

**बैलेंस चेक करने पर पता चली ठगी:** बताया गया कि तकनीकी सुधार की प्रक्रिया के बीच उनका सिम बंद हो गया। 3 से 8 फरवरी के बीच खाते से रकम निकाल ली गई। सिम दोबारा शुरू होने और बैलेंस देखने पर ठगी का पता चला।

**निजी मोबाइल पर सरकारी काम:** घटना के बाद कर्मचारियों में नाराजगी है। उनका कहना है कि विभाग डिजिटल उपस्थिति और ऑनलाइन काम अनिवार्य कर रहा है, लेकिन सुरक्षा इंतजाम नहीं हैं। यदि सरकारी कार्य के लिए मोबाइल जरूरी है, तो सुरक्षित डिवाइस और तकनीकी संरक्षण भी विभाग को देना चाहिए। कर्मचारियों का तर्क है कि निजी फोन के जरिए काम कराने से वे साइबर ठगों के निशाने पर आ रहे हैं। ऐसे में सुरक्षा की स्पष्ट नीति बननी चाहिए।

**जांच जारी, सतर्क रहने की अपील:** साइबर सेल ने मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही कर्मचारियों को अनजान फाइल डाउनलोड न करने, ओटीपी साझा न करने और संदिग्ध लिंक से दूर रहने की सलाह दी है।

# सन्ना-चंपा मार्ग का 8 करोड़ की लागत से होगा डामरीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के विकास को नई गति देते हुए क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी है। लंबे समय से प्रतीक्षित सन्ना–चंपा मार्ग के डामरीकरण कार्य के लिए शासन द्वारा 8 करोड़ 82 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस स्वीकृति के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है।



जानकारी के अनुसार सन्ना से चंपा तक लगभग 13 किलोमीटर लंबे इस मार्ग का डामरीकरण किया जाएगा। सड़क के निर्माण से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा तथा ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और अन्य आवश्यक सुविधाओं तक पहुंचने में काफी सहूलियत मिलेगी। बरसात के दिनों में इस मार्ग की खराब स्थिति के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, जो अब दूर होने की उम्मीद है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों नेमुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सड़क क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से ग्रामीण अंचल के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जशपुर जिले में लगातार विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास की नई दिशा दिखाई दे रही है।

# विकसित भारत की दिशा में मजबूत कदम है केंद्रीय बजटः पाणिग्रही

**पत्थलगांव।** केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए 9 वें ऐतिहासिक बजट को लेकर देशभर के लोगों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है, जिसे ध्यान में रखते हुए भाजपा मंडल पत्थलगांव में 11 फरवरी बुधवार को अग्रसेन भवन पत्थलगांव में आयोजित जिला प्रेसवार्ता के माध्यम से केंद्रीय बजट 2026 की महत्वपूर्ण विशेषताओं को बताने के लिए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही मौजूद रहे।

प्रेसवार्ता के दौरान श्री पाणिग्रही ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने वर्ष 2026–27 का बजट लोकसभा के संयुक्त अधिवेशन में प्रस्तुत किया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रत्येक जिले में प्रेस वार्ताओं के माध्यम से बजट के सार बिंदुओं को जनता तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। किसी भी तथ्य को जनता तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य मीडिया का होता है, और यह प्रयास इसी दिशा में एक सार्थक पहल है, ताकि जिले की जनता तक बजट की जानकारी प्रभावी रूप से पहुंच सके। उन्होंने कहा कि सन 1952 के बाद से देश में निर्वाचित सरकारों की परंपरा प्रारंभ हुई।




### विशिष्ट भारत के सपनों को साकार करने का सशक्त रोडमैप

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। यह परिवर्तन सुनियोजित नीतियों, मजबूत इच्छाशक्ति और सतत प्रयासों का परिणाम है। आगे उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं है बल्कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का सशक्त रोडमैप है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। किसानों के लिए कृषि अवसंरचना, सिंचाई योजनाओं और न्यूनतम समर्थन मूल्य को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। इससे छत्तीसगढ़ जैसे कृषि प्रधान राज्य को विशेष लाभ मिलेगा। जिससे कि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वाश का सपना साकार हो सके।

### 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का मजबूत लक्ष्य

इसी संकल्प के साथ भारतीय जनता पार्टी ने वर्ष 2022 से 2047 तक अर्थात अगले 25 वर्षों का लक्ष्य निर्धारित किया है भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का। यह बजट प्रस्तुत करने से पूर्व यह विचार किया गया कि गांव, गरीब और किसान विकसित भारत के निर्माण में किस प्रकार अपना योगदान दे सकते हैं। इसी दृष्टि से एक सशक्त और दूरदर्शी बजट प्रस्तुत किया गया है। पूर्ववर्ती सरकारों ने गरीबी हटाओ का नारा दिया था, लेकिन इस बार केवल वादा नहीं बल्कि ठोस कार्ययोजना के साथ बजट लाया गया है। इस बजट में कार्ययोजना को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए तीन प्रमुख कर्तव्यों को निर्धारित किया गया है, ताकि भारत वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आर्थिक दृष्टि से और अधिक सशक्त एवं अग्रसर रह सके।

### विधानसभा के दृष्टिगत अवकाश पर प्रतिबंध

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के षष्ठम विधानसभा का अष्टम सत्र सोमवार 23 फरवरी से प्रारंभ होकर शुक्रवार 20 मार्च तक आहुत किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा उक्त विधानसभा सत्र के सफल संचालन एवं आवश्यक शासकीय कार्यों के निर्वहन को दृष्टिगत रखते हुए आदेश जारी होने की तिथि से 20 मार्च तक जिले में पदस्थ समस्त शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है। विधानसभा सत्र की अवधि में समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने कार्यालय-मुख्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे। अत्यावश्यक कार्य अथवा अपरिहार्य परिस्थितियों में अवकाश पर जाना अथवा मुख्यालय छोड़ना आवश्यक होने की स्थिति में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के अवकाश की स्वीकृति संबंधित विभाग के कार्यालय प्रमुख द्वारा दी जाएगी तथा जिला स्तरीय अधिकारियों के अवकाश की स्वीकृति कलेक्टर से पूर्व में लिखित अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। निर्धारित अनुमति प्राप्त किए बिना कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे।

# मुख्यमंत्री ने पत्थलगांव को दी बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पत्थलगांव क्षेत्र को एक और बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री ने रेस्ट हाउस के उन्नयन कार्य के लिए 95 लाख 10 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस स्वीकृति से रेस्ट हाउस की बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा तथा आगंतुकों और अधिकारियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पत्थलगांव के किलकिलेश्वर धाम के दौरे पर पहुंचे थे।

■ रेस्ट हाउस उन्नयन के लिए 95 लाख रुपए स्वीकृत

■ घोषणा पूरी होने पर नगरवासियों ने सीएम साय का जताया आभार

इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों की मांग पर रेस्ट हाउस के उन्नयन की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री ने अपनी घोषणा को पूरा करते हुए रेस्ट हाउस उन्नयन कार्य के लिए राशि स्वीकृत कर दी है। रेस्ट हाउस के उन्नयन से क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं शासकीय कार्यों से जुड़े अधिकारियों को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही इससे पत्थलगांव क्षेत्र में पर्यटन और विकास गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है । स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों को गति मिल रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं का त्वरित क्रियान्वयन प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# युवाओं के लिए मिसाल बने स्वयं सेवक प्रियांश

**जशपुरनगर।** मंगलवार रात को किनकेल घाट पर 5 अज्ञात लोग सड़क पर बेसुध अवस्था में पड़े हुए थे, जिनमें से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। ऐसे में अनेकों लोग वहां से पार हुए, उनकी नजर पड़ी लेकिन कोई भी आगे नहीं आया। जब जशपुर के युवा प्रियांश भगत की नजर पड़ी तो उसने अपने साथियों के साथ जाकर घायलों को उठाया उनका हालत गंभीर देखते हुए उनका प्राथमिक उपचार किया। मोबाइल नेटवर्क नहीं होने के कारण एंबुलेंस को फोन नहीं लग पा रहा था। ऐसे में प्रियांश ने एक व्यक्ति को अपने बाइक में बैठाकर को जिला अस्पताल जशपुर ले आए और बाकियों के लिए भी एंबुलेंस को सूचना दिया।

### निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम, वीवीपीएटी वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**जशपुरनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास ने तहसील कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम, वीवीपीएटी वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सील बंद वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वेयर हाउस में सीसीटीवी के माध्यम से भी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। निरीक्षण के दौरान सभी सुरक्षा व्यवस्था सही पाए गए। कलेक्टर ने वेयरहाउस में रखे गए निर्वाचन सामग्रियों के सुरक्षा के लिए निरंतर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए।

# स्वयंसेवकों ने दिया सामाजिक जागरूकता का संदेश




**जशपुरनगर।** शासकीय राम भजन राय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम भुड़केला में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया।

7 फरवरी से शुरू हुए इस शिविर में स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी, स्वच्छता अभियान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को सकारात्मकता और सामाजिक सुधार का संदेश दिया। दिन की शुरुआत प्रेरणादायक प्रभात फेरी से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने ₹हम होंगे कामयाब₹ गीत के माध्यम से गाँव में उत्साह का संचार किया। इसके पश्चात श्रमदान के अंतर्गत चैलीपाट क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों और हैंडपंपों के आसपास सफाई अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। शिविर के बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में रासेयो जिला संगठक एवं कुनकुरी महाविद्यालय के प्राचार्य उपस्थित रहे, जिन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण और गणतंत्र दिवस परेड जैसे प्रतिष्ठित आयोजनों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य वक्ता डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों के परिप्रेक्ष्य में युवा शक्ति, भारतीय संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण के अंतर्संबंधों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का आह्वान किया।

## फूलों की होली में सराबोर हुए श्रीहरि, कीर्तन भवन में उपस्थित हुए श्रद्धालु

# सातवें दिन पूर्णाहुति के साथ श्रीमद् भागवत कथा का विश्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

श्रीहरि कीर्तन भवन में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का मंगलवार को सातवें दिन पूर्णाहुति के साथ भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन का आयोजन भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास से परिपूर्ण रहा। कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी और पूरा पंडाल भक्तजनों से खचाखच भरा रहा।

■ भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के बीच हुआ समापन, हवन–पूजन व भंडारे में उमड़ी भारी भीड़

सातवें दिन के जजमान आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील सिन्हा एवं उनकी धर्मपत्नी प्रेमलता सिन्हा रहीं। विधिवत पूजन-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। वृंदावन से पधारे कथावाचक करुणा शंकर महाराज ने श्रीमद भागवत के अंतिम प्रसंगों का अत्यंत मार्मिक एवं प्रेरणादायक वर्णन किया। उन्होंने कथा के माध्यम से धर्म, भक्ति, सेवा और सदाचार का संदेश देते हुए कहा कि भागवत श्रवण से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है।



### भक्ति और आस्था का उमड़ा सैलाब

अंतिम दिन कथा श्रवण के लिए नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा स्थल पर बैठने की जगह कम पड़ गई और बाहर तक भक्तों की भीड़ दिखाई दी। आयोजन समिति द्वारा सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

बुधवार सुबह विधि-विधान से हवन एवं पूर्णाहुति संपन्न की गई। वैदिक मंत्रोच्चार एवं आहुति के साथ वातावरण भक्तिमय बना रहा। हवन के उपरांत दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जो शाम 4 बजे तक चला।भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के सदस्यों एवं स्वयंसेवकों ने सेवा भाव से प्रसाद वितरण किया। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन एवं व्यवस्था सराहनीय रही।



# पड़ोसी को बिग बी ने घर बुलाकर जीत लिया दिल

**नई दिल्ली।** निर्मित जेसरानी पहली बार चर्चा में तब आए, जब उनके पड़ोसी महानायक अमिताभ बच्चन के 'संडे दर्शन' का एक वीडियो वायरल हुआ। वह घर की खिड़की से अमिताभ बच्चन को उनके फैंस को निहार रहे थे। इसके बाद मामला तब मजेदार हो गया, जब अमिताभ बच्चन ने भी पलटकर निर्मित को देखा और हाथ हिलाकर अभिवादन किया। अब किस्मत इस पड़ोसी पर और मेहरबान हुई। बिग बी ने उन्हें सीधे अपने घर बुलाया। निर्मित ने इस बार जलसा के अंदर से संडे दर्शन देखा और इस रस्म को करीब से महसूस किया। यह सुनने में एक छोटी सी बात जरूर लग सकती है, लेकिन अमिताभ बच्चन के इस अंदाज ने उनका दिल छू लिया।



लाइफ Style

# मोनालिसा

## द डायरी ऑफ मणिपुर में मटकती-इठलाती दिखीं

महाकुंभ मेले में वायरल हुई मोनालिसा ने एक साल बाद प्रयागराज में माघ मेले में भी वापसी की। लेकिन, मोनालिसा ने बॉलीवुड में भी एक्ट्रेस के तौर पर वापसी की है। पिछले साल के बाद इंटरनेट पर सनसनी बन चुकीं माला बेचने वाली मोनालिसा एक्टर राजकुमार राव के भाई अमित राव के साथ फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में नजर आएंगी, जिसका टीजर रिलीज हो चुका है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गांधीगिरी (2016) और शशांक (2023) जैसी फिल्मों के लिए मशहूर डायरेक्टर सनोज मिश्रा की निर्देशित इस फिल्म को मोनालिसा की रील वायरल होने के बाद ही उन्हें ऑफर किया गया था। फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद, टीम मां गंगा का आशीर्वाद लेने के लिए भी गई थी। अब इसका टीजर आउट हो चुका है। द डायरी ऑफ मणिपुर के टीजर की शुरुआत मोनालिसा से ही होती है। उसकी कजरारी आंखों की झलक से लेकर उसका डांस और अदाएं सबकुछ देखने लायक है। मोनालिसा की इस फिल्म की कहानी भी दमदार लग रही है, जिसमें मणिपुर के पुराने इतिहास और पॉलिटिक्स के बारे में दिखाया गया है। सारे एक्टर्स मंझे हुए लग रहे हैं। पहली फिल्म के हिसाब से और बिना किसी एक्टिंग की लंबी ट्रेनिंग के मोनालिसा का काम भी अच्छा है। लोगों ने भी उनकी खूब तारीफ की है। ये मोनालिसा की पहली फिल्म है। इससे पहले सनोज मिश्रा ने फिल्म को लेकर जानकारी शेयर की थी और मोनालिसा के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'हमने फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग चार चरणों में शुरू की – पहले इटावा (उत्तर प्रदेश) में, फिर मणिपुर में, जहां हमने कई जगहों पर फिल्म की शूटिंग की।

हॉलीवुड मसाला



# निक पर चढ़ा हिंदू धर्म का रंग

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस ने बताया कि वह हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति से बहुत प्रभावित हैं। निक ने कहा कि वह अपनी बेटी को भी भारतीय संस्कृति और संस्कारों वाली परवरिश दे रहे हैं। बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और अमेरिकी सिंगर निक जोनस को इंडस्ट्री के सबके आइकॉनिक पावर कपल्स में गिना जाता है। निक जोनस का भारत और यहां के कल्चर के प्रति प्यार हमेशा ही उनके बयानों में झलकता रहा है।



# बॉयफ्रेंड से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिलती थीं

**लॉस एंजिल्स।** के-पॉप स्टार ब्लैकपिंक की रोजे ने खुलासा किया है कि उन्होंने अपने एक्स लवर से छिपकर मिलने के लिए एक मजेदार तरीका निकाला था। लोगों को उनके बारे में कुछ पता न लगे इसके लिए वो पूर्व प्रेमी से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिला करती थीं। रोजे ने बातचीत में बताया कि कैसे वो अपने रिश्ते को फैन्स और पपराजी से बचाने के लिए एक बुजुर्ग महिला का वेश धारण किया करती थीं। उन्होंने बताया कि डेटिंग के दौरान पकड़े जाने के डर ने उन्हें इस तरह से अपना हुलिया बदलने के लिए मजबूर कर दिया। इतना ही नहीं, 28 साल की सिंगर ने बताया कि पहचान छिपाने के लिए उन्होंने एक पूरी अलमारी ही उन तरह के कपड़ों के लिए बना ली थी जिसमें उम्रदराज महिला के लुक में बदलने के लिए जरूरी सारी चीजें वो रखा करती थीं।



# एआई से इमेज बदलना बहुत डिस्टर्बिंग

**मुंबई।** आजकल एआई से किसी फोटो या वीडियो को एडिट करना कोई बड़ी बात नहीं है। एडिट होने के बाद भी आप असली और एडिट किए हुए फोटो में फर्क नहीं बता सकते। इसी को लेकर एक्ट्रेस आयशा खान ने खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे उनके फोटो और वीडियो एआई से एडिट करके वायरल किए जाते हैं। जो देखने में बिल्कुल असली लगते हैं। आयशा खान ने कहा कि उन्हें खुद कई ऐसे बदले हुए फोटो सोशल मीडिया पर मिले हैं, जो देखने में बहुत असली लगते हैं। इन तस्वीरों को देखकर उन्हें काफी दुख होता है और डिस्टर्बिंग लगता है। आयशा ने कहा, 'एआई वाली चीज बहुत डरावनी हो गई है। इंटरनेट पर महिलाओं को सेक्सुअलाइज करने के लिए ऐप बनाना बहुत ही खतरनाक है।




# विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में किया काम

**मुंबई।** मकबूल, ओमकारा और हैदर जैसी फिल्में बनाने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज अब 'ओ रोमियो'लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में एक बार फिर विशाल भारद्वाज शाहिद कपूर के साथ काम कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म में एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तृप्ति डिमरी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। अब विशाल भारद्वाज ने फिल्म से जुड़ा एक बड़ा खुलासा किया है, जिसमें उन्होंने उन कलाकारों के बारे में बताया जिन्होंने फिल्म में बिना एक भी पैसा लिए काम किया है। उन्होंने बताया कि ओ रोमियो में विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में काम किया है। व्यस्त कार्यक्रम और बढ़ती मांग के बावजूद विक्रांत ने फिल्म के लिए लगभग आठ से नौ दिनों तक शूटिंग की।

टीवी मसाला



# कभी रहीं टीवी की क्वीन, आज 1000 फीस लेकर चला रहीं घर

**नई दिल्ली।** कभी ग्लैमर वर्ल्ड पर राज करने वालीं अदाकारा आज 1000 रुपए में गुजारा कर रही हैं। यह हसीना हैं 90 दशक की फेमस टीवी पर्सनैलिटी रूबी भाटिया। रूबी भाटिया ने हिट फिल्मों में अदाकारी दिखाई और फिर टीवी होस्टिंग के जरिए खूब नाम कमाया। वह पहली वीडियो जॉकी थीं। फिल्मों में अदाकारी के लिए वह टीवी शोज को होस्ट करती थीं। वह अपने दौर की हाइएस्ट पेड होस्ट्स में से एक थीं। 90 के दशक में कामयाबी हासिल करने के बाद रूबी भाटिया ने अचानक इंडस्ट्री से किनारा कर लिया था। शादी के बाद वह अपने परिवार के साथ एक सिंपल लाइफ जी रही थीं कि तभी उन्हें अपना गुजारा करने के लिए 1000 रुपए फीस में काम करना शुरू किया। इन दिनों रूबी भाटिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है जिसमें वह 1000 रुपए फीस लेकर काम मांगती हुई नजर आई थीं। इस वीडियो को देख लोगों ने उनके फाइनेंशियल स्टेटस पर चिंता जताने लगे हैं। कभी एक शो के एक लाख रुपए कमाने वालीं रूबी का यूं 1000 हजार रुपए में काम मांगना लोगों के लिए शॉकिंग था। कुछ समय पहले ही रूबी भाटिया ने खुलासा किया था कि 20 सालों तक वह अपनी फैमिली के साथ एक शांत जिंदगी बिता रही थीं। वह अपने परिवार के साथ लोखंडवाला आती रहती थीं। जिस घर में वह रहती थीं, वह 30 साल पुराना था।

## लाफ्टर शेफ्स में जैस्मिन ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' के कंटेस्टेंट्स शो में खूब धूम मचा रहे हैं और इसी के साथ नया प्रोमो भी रिलीज कर दिया गया है। इसमें



जैस्मिन भसीन बॉयफ्रेंड अली गोनी को सरप्राइज देने शो में आती हैं। साथ ही, समर्थ और अभिषेक हर किसी को देखकर जल-भून जाते हैं। जैस्मिन के अली गोनी को सरप्राइज देने के साथ ही, अंकिता लोखंडे-विक्की जैन, करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश और कश्मीरा शाह-कृष्णा अभिषेक जैसे कपल्स एक-दूसरे के प्रति अपना प्यार जताते हैं। अली कहते हैं, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि वह मेरे जीवन में है।' इसके बाद दोनों साथ में डांस करते हैं और एक-दूसरे को गले लगाते हैं। करण कुंद्रा तेजस्वी प्रकाश को फूल देते हैं और उनसे प्यार का इजहार करते हैं। प्रोमो में अभिषेक कुमार और समर्थ जुरेल धोती पहने लाठी लेकर आते हैं। प्रोमो जारी होते ही, फैंस ने कमेंट सेक्शन में रिएक्ट किया है। कुछ ने जैस्मिन की एंट्री पर एक्साइटमेंट दिखाया, वहीं कुछ अभिषेक और समर्थ के रिएक्शन पर मजे ले रहे हैं।

# नदिया के पार की गुंजा को 44 साल बाद पहचाना हुआ मुश्किल...

**नई दिल्ली।** अभिनेता सचिन पिलगांवकर के साथ फिल्म नदिया के पार में नजर आने वालीं अभिनेत्री साधना सिंह अपने समय में काफी लोकप्रिय रहीं। इस मूवी में गुंजा की भूमिका अदा कर उन्होंने देश के कोने-कोने तक अपनी पहचान बनाई। लेकिन अब चार दशक बाद वह कहां और क्या करती हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। बदलते वक्त के साथ-साथ अब उनका लुक भी काफी हद तक बदल गया है।



***बदला लुक*** : 1982 में रिलीज होने वाली नदिया के पार हिंदी सिनेमा की कल्ट क्लासिक फिल्म मानी जाती है। साधना सिंह ने बड़ी ही बेहतरीन तरीके से गुंजा के किरदार को अदा किया और अमर कर दिया। एक वक्त पर अपनी बेबाक खूबसूरती के लिए मशहूर होने वाली साधना का लुक काफी बहुत बदल गया है। साधना सिंह के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर मौजूद उनकी इन लेटेस्ट तस्वीरों को देखकर ये अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। बढ़ती उम्र के साथ उनकी काया पूरी तरह पलट गई है। हालांकि, उनकी चेहरे की सादगी अब भी नदिया के पार के गुंजा की तरह बरकरार है। एक्टिंग के अलावा अब साधना सिंह एक फैशन डिजाइनर के तौर पर मुंबई में बुटीक भी चलाती हैं। आपको बता दें कि साधना ने फिल्म निर्माता राजकुमार शाहाबादी के साथ रचाई और इनकी एक बेटी भी है, जिसका नाम शानी शाहाबादी है। अपने परिवार के साथ साधना सिंह मायानगरी में हंसी खुशी रहती हैं।

***इन फिल्मों के लिए मशहूर हैं***

साधना सिंह ने बतौर एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में लंबी पारी खेली है। नदिया के पार से बतौर अभिनेत्री अपने करियर का आगाज करने वालीं साधना कई शानदार मूवीज में नजर आईं, जिनके नाम इस प्रकार हैं- ससुराल, पिया मिलन, ये कैसा फर्ज, तुलसी, दुर्गा मां, परिवार, फलक, प्यार का सावन, मुक्केबाज, सुपर 30। बता दें आखिरी बार बड़े पर्दे पर बतौर एक्ट्रेस साधना सिंह साल 2019 में रिलीज होने वाली फिल्म जिंदगी तुमसे ही में नजर आई थीं। इसके अलावा उन्होंने कई वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

# सिफारिश लगाने वालों पर भड़के विशाल, नए गायकों को दी ये सलाह

**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर और कंपोजर विशाल ददलानी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे नए गायकों को यह सुझाव देते दिखे हैं कि उनसे मिलने के लिए वे किसी मंत्री या किसी अन्य शख्सियत का सहारा न लें। संघर्ष के दिनों में लोग काम पाने के लिए किसी की सिफारिश लगवाने का विकल्प चुन लेते हैं। मगर, विशाल ददलानी ने ऐसा करने वालों को सलाह दे डाली है। इतना ही नहीं, विशाल का कहना है कि किसी मंत्री से सिफारिश लगवाने वाले को उन्होंने ब्लॉक भी कर दिया है। सिंगर ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। विशाल ददलानी ने आज सोमवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होने लिखा है, 'नए गायकों के लिए कुछ सलाह। किसी मंत्रीजी या उनके सेक्रेटरी से मुझे फोन मत करवाना। अगर ऐसा करते हो तो इतना पक्का है कि मुझसे कभी मिल नहीं पाओगे। जो लोग 'कॉन्टैक्ट्स' के जरिए आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं, उनके लिए मेरे मन में जरा भी इज्जत नहीं है। जिस बंदे ने अभी-अभी यह कोशिश की, मंत्री-जी अब ब्लॉक हो गए हैं और तुम भी। अब, भले ही तुम बहुत अच्छे सिंगर हो, मुझे तुम्हारे साथ काम करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। सॉरी'। 'अपनी प्रतिभा पर विश्वास रखें प्लीज। कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार रहें और साथ ही धैर्य रखें। अगर आप अच्छे हैं, तो आपका समय जरूर आएगा। सिफारिश वाली चीजें न करें। यह एक बोरिंग पुरानी बात है। और, सबसे बड़ी बात कि यह सिर्फ यही बताता है कि आपको अपनी प्रतिभा पर भरोसा नहीं है'। विशाल ददलानी की इस बात पर नेटिजन्स तारीफ कर रहे हैं और सहमति जता रहे हैं। एक यूजर ने पूछा कि आपसे किस तरह मिला जा सकता है? इस पर विशाल ने जवाब दिया, 'बस अपना म्यूजिक रिलीज करो। अगर यह अच्छा है, तो यह मुझ तक जरूर पहुंचेगा। साथ ही, मैं हर हफ्ते नए आर्टिस्ट्स को खोजने के लिए एक प्लेटफॉर्म बनाने की प्रकिया में हूं।



## शेखर कपूर की थी पहली फिल्म, जिसे उन्होंने किया था डायरेक्ट

# मासूम की रिलीज से 5 दिन तक खाली रहे थिएटर, दूसरे हफ्ते हुआ चमत्कार

***नई दिल्ली।** सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' (1983) तो तभी को याद होगी। 'मासूम' वो फिल्म थी जो रिलीज के समय शुरुआती दिन में फ्लॉप घोषित हो गई थी।सिनेमाघर खाली थे और थिएटर मालिकों ने फिल्म लगाने तक के लिए मना कर दिया था, लेकिन फिर भी फिल्म कल्ट क्लासिक रही। अब फिल्म के निर्देशक शेखर कपूर ने फैसला लिया है कि वे फिल्म का दूसरा पार्ट नई जनरेशन के साथ बनाने के लिए तैयार हैं। सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' शेखर कपूर की पहली फिल्म थी, जिसे उन्होंने डायरेक्ट किया था, लेकिन अभिनेता ने इस फिल्म के बाद आगे फिल्में डायरेक्ट न करने का फैसला लिया था, लेकिन फिल्म से जुड़ी एक घटना ने उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव ला दिया। निर्देशक ने खुद फिल्म से जुड़ा किस्सा शेयर किया है। रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था!*



### 'मासूम' को देखने पहुंची थी भीड़

उन्होंने आगे लिखा, 'रिलीज के बाद शनिवार, रविवार, सोमवार, मंगलवार, और बुधवार को भी सिनेमाघर खाली रहे। नौबत ये आ गई कि फिल्म के डिस्ट्रीब्यूटर्स ने फिल्म तो लगाने से इनकार कर दिया। मैं मुंबई की सड़कों पर घूमता रहा और सोचता रहा कि अब मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करूंगा, क्योंकि फिल्में बनाना अब मेरे लिए मुमकिन ही नहीं था, लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।' लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।

### शेखर कपूर ने सुनाया मासूम का किस्सा

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था! बाहर मुझे कुछ गुस्से में दिख रहे लड़कों ने घेर लिया; जब उन्हें पता चला कि मैं निर्देशक हूं, तो उन्होंने कहा कि मैंने उनके पैसे बर्बाद कर दिए और उन्होंने मुझे आर्टिकल फिल्म न बनाने की सलाह दी। उनका आर्टिकल से मतलब था आर्टिस्टिक फिल्म।'

### 'मासूम-नेक्स्ट जेनेरेशन' बनाएंगे शेखर

उस गुरुवार को क्या हुआ ये निर्देशक आज तक पता नहीं लगा पाए, लेकिन अब वह 'मासूम-नेक्स्ट जनरेशन' बनाने जा रहे हैं। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह और शबाना आजमी लीड रोल में थे, और फिल्म में एक सौतेले मासूम बच्चे की कहानी को मार्मिक तरीके से दिखाया गया है। अब अगले पार्ट में क्या नया देखने को मिलेगा, ये तो आगे आने वाला समय ही बता पाएगा।

## खबर संक्षेप

### बिना अनुमति अवकाश पर लगा प्रतिबंध

**सारंगढ़।** षष्ठम विधानसभा का अष्ठम सत्र 23 फरवरी से प्रारंभ होकर शुक्रवार 20 मार्च तक आहूत किया गया है। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिले के समस्त विभागों में पदस्थ एवं कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आदेशित किया है कि विधानसभा सत्र की अवधि में वे सक्षम प्राधिकारी की पूर्वानुमति के बिना न तो अवकाश पर रहेंगे और न ही मुख्यालय छोड़ेंगे। विधानसभा सत्र के दौरान प्राप्त होने वाले तारांकित एवं अतारांकित प्रश्नों, स्थगन प्रस्ताव, शून्यकाल, ध्यानाकर्षण सूचना, आश्वासनों, अशासकीय संकल्पों, याचिकाओं तथा लोक लेखा समिति से संबंधित पत्राचार एवं सूचनाओं पर निर्धारित समयावधि में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आदेश जारी किए हैं।

### केन्द्राध्यक्षों को दी गई ट्रेनिंग

**सारंगढ़।** दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए जिले के 65 केंद्र के केन्द्राध्यक्ष को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कहा कि दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में केन्द्राध्यक्ष का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है। बोर्ड के नियमों का पालन गंभीरता से करें। इसमें व्यक्तिगत द्वेष भावना से कार्य नहीं करना चाहिए। यदि किसी रक्त संबंधी रिश्तेदार का एक ही केंद्र में परीक्षा है वो अपना केंद्र बदलने आवेदन प्रस्तुत करें और पारदर्शिता के साथ इस कार्य को पूर्ण करें। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर उमेश साहू, जिला शिक्षा अधिकारी जोइधा राम डहरिया सहित सभी बीईओ आदि उपस्थित थे।

### नाबालिग छात्रा से दुर्व्यवहार शिक्षक गिरफ्तार

**बोनई।** आधार कार्ड संशोधन और अन्य कार्य कराने का झांसा देकर एक शिक्षक द्वारा नाबालिग छात्रा के साथ बार-बार दुर्व्यवहार करने का मामला सामने आया है। यह घटना लहुणीपाड़ा थाना क्षेत्र के एक स्कूल से जुड़ी है] जहां नौवीं कक्षा की छात्रा ने साहित्य शिक्षक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मिली जानकारी के अनुसार सुंदरगढ़ जिले के लहुणीपाड़ा थाना अंतर्गत स्थित एक स्कूल के साहित्य शिक्षक तापस कुमार बढ़ेई के खिलाफ यह गंभीर शिकायत दर्ज की गई है। आरोप है कि शिक्षक पिछले एक वर्ष से नाबालिग छात्रा के साथ बार बार असदाचार कर रहा था। छात्रा ने यह भी आरोप लगाया है कि घटना के बारे में घर पर बताने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई थी। लगातार उत्पीड़न से परेशान होकर अंततः छात्रा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है।

### बच्चों ने अपने हक के लिए किया 40 किमी मार्च

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिले के शहरी क्षेत्रों में जहां कई विद्यालयों के बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है, वहीं दूरदराज के कई शिक्षण संस्थान अब भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं। इसका गंभीर उदाहरण गुरुण्डिया ब्लॉक के अंतर्गत सोलगुड़ा स्कूल में सामने आया है, जहां स्कूल भवन ढह जाने के बाद छात्र खुले आसमान के नीचे, पेड़ों की छांव में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। विद्यालय में कक्षाओं के निर्माण के लिए संबंधित अधिकारियों से बार.बार अनुरोध किए जाने के बावजूद कोई ठोस पहल नहीं की गई। इससे नाराज छात्रों ने तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन किया। बच्चे लगभग 40 किलोमीटर की दूरी तय कर जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे और तत्काल पक्के कक्षाओं के निर्माण की मांग रखी।

### महासंघ के सदस्यों की एकजुटता का प्रदर्शन

**राउरकेला।** सरकारी टेंडर नियमों में हालिया संशोधन के विरोध में राउरकेला सरकारी ठेकेदार महासंघ ने 11 फरवरी को आरएमसी कार्यालय के समक्ष नेताजी फिटनेस पार्क में दूसरी बैठक आयोजित की। बैठक में सुपर स्पेशल क्लास सहित सभी श्रेणियों के करीब 250 ठेकेदारों ने भाग लेकर एकजुटता का परिचय दिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि ठेकेदार शेड्यूल रेट पर ही निविदा दाखिल करेंगे। साथ ही बाहरी ठेकेदारों को राउरकेला में टेंडर प्रक्रिया में भाग न लेने की अपील करते हुए स्थानीय ठेकेदारों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया।

### 280 हितग्राहियों की स्क्रीनिंग की गई, 70 दृष्टिबाधितों की होगी शल्य चिकित्सा

# जिंदल फाउण्डेशन के शिविर में 101 लोगों के मोतियाबिंद का किया गया ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिंदल फाउण्डेशन जेपीएल तमनार अपने सामाजिक सरोकार निर्वहन अंतर्गत क्षेत्र में बेहतर वातावरण निर्माण के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है। इसी क्रम में क्षेत्र में निवासरत वृद्धजनों, जो अपने आंखों में मोतियाबिंद के कारण दृष्टिबाधित हैं। जिन्हें देख न पाने के कारण विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे जरूरतमंद वृद्धजनों के लिए जिंदल फाउण्डेशन जेपीएल तमनार अपने अनूठी परियोजना दृष्टि के अंतर्गत विशाल नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन फोर्टिस ओपी जिंदल हास्पिटल तमनार में किया गया। जिसमें क्षेत्र के 280 हितग्राहियों का स्क्रीनिंग कर 101 वृद्धों का सफलता पूर्वक मोतियाबिंद आपरेशन कर उनके दृष्टिबाधिता को दूर किया गया। और आज वे स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। आने वाले सप्ताह में 70 अन्य दृष्टिबाधितों का शल्य चिकित्सा किया जाना शेष है।

प्रायः देखा गया है कि नेत्रहीनता का प्रमुख कारण मोतियाबिंद है। प्रतिवर्ष मोतियाबिंद के लाखों नए मामले सामने आते हैं। लेकिन अत्याधुनिक तकनीकों ने मोतियाबिंद के ऑपरेशन को बहुत आसान और प्रभावी बना दिया है। इसका कारण है मोतियाबिंद सर्जरी के प्रति लोगों में विश्वास व जागरूकता के कारण भारत में मोतियाबिंद के कारण होने वाली नेत्रहीनता में भारी मात्रा में कमी आई है।







शिविर में जांच कराते मरीज और उपस्थित ग्रामीण।

**कई मरीजों के जीवन में जगी नई उम्मीद**

इस अवसर पर ऋषिकेष शर्मा, विभागाध्यक्ष सीएसआर विभाग ने बताया कि जिंदल फाउण्डेशन का उद्देश्य क्षेत्र के गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर के माध्यम से अनेक परिवारों को राहत मिली है और कई मरीजों के जीवन में नई उम्मीद जगी है। शल्य चिकित्सा शिविर के दौरान मरीजों से मुखातिब होते हुए संस्थान के कार्यपालन निदेशक एवं यूनिट हेड जी वेंकट रेड्डी ने आश्वस्त किया कि जेपीएल तमनार, जिंदल फाउण्डेशन के माध्यम से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के प्रति समर्पित है। संस्थान का लक्ष्य निकटस्थ ग्रामों के जरूरतमंदों, जो मोतियाबिंद, दृष्टिबाधित की समस्या परेशान हैं उन्हें सहुलियत पहुंचा कर उन्हें नवदृष्टि प्रदान करना है।



# बोर्ड के परिणाम के बाद टीआरएन एनर्जी करेगा बच्चों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटाईपाली सी के विद्यार्थी यह न समझें की आज आपका इस विद्यालय से विदाई हो रहा है आपके परीक्षा परिणाम के बाद हमारा टीआरएन एनर्जी आप लोगों के लिए इसी विद्यालय प्रांगण में अभिनंदन समारोह और भोज का आयोजन करेगा।

जिसमें हम आपके भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा करेंगे और आपकी क्षमता और संसाधनों पर भी चिंतन कर राह निकलेंगे यह उदगार विद्यालय में आयोजित विदाई समारोह के अवसर पर विद्यार्थियों को समबोधित करते हुए मुख्य अतिथि की आसंदी से वायुनन्दन पांडे विभागाध्यक्ष सुरक्षा एवं प्रशासन टीआरएन एनर्जी भेंगारी ने कहा। आगे उन्होंने बच्चों को कहा कि आप जितना भी आगे बढ़ें किन्तु अपने संस्कार को न छोड़े और शिक्षकों को न भूले उन्होंने बहुत ही सारगर्भित बातों से बच्चों के मनोबल को बढ़ाया उनके उद्बोधन से बच्चों को ऐसा लगा जैसे उन्हें एक नया पालक मिल गया हो। संस्था प्राचार्य श्रीमती नीलिमा तंबोली ने उन्हें बधाई देते हुए परीक्षा पे बेहतर परिणाम लाने हेतु लगन से पढ़ने और अनुशासित परीक्षा देने हेतु प्रेरित की। संस्थान के राजीव गुप्ता ने जीवन में शिक्षा और संस्कार का महत्व पर रोचक व सारगर्भित उदाहरण के माध्यम से बच्चो को मोटीवेट किया। अपनी कमजोरी को ताकत बनाने के लिए भी काई लोगों का उदाहरण प्रस्तुत किया। कक्षा 12 वी के विद्यार्थियों ने विद्यालय के साथ गुजारे पलो को याद किया विद्यालय को शिक्षा और संस्कार को अदभुत बताया।

# सरपंच ने ग्राम सभा में प्रस्ताव पास कर गांव की गली का किया चौड़ीकरण

**बटाउपाली।** ग्राम पंचायत बटाऊपाली अ में गाँव गली का चौड़ीकरण किया ज रहा हे। यह एक गांव के लिए बहुत बड़ी पहल है पिछले कुछ ही दिन पूर्व गांव में ग्राम सभा बैठक बुलाकर एक प्रस्ताव पास किया। जिसमें गांव के मुख्य मार्ग सकरी गली रोड के किनारे बनी बरामदे को को तोड़कर रोड चौड़ी करण का सुझाव दिया और कार्य को प्रगति देते हुए गांव के लिए एक अच्छी पहल करते हुए मशीन लाकर गांव की गली मोहल्ले की साफ सफाई कर रोड चौड़ी करण करने की पहल की गई। रोड चौड़ीकरण मे बेहतर कार्य किया जिसके फलस्वरूप गांव गली की सकरी रोड की समस्या दूर हुई और ग्राम वासियो को सकरी रोड की समस्या से निजात मिल गई। वही सरपंच अनिता फिरत रत्नाकर व उपसरपंच शिवागी आशीष दास सचिव हेमलाल भारद्वाज सहित समस्त पंचगण की काफी हद तक सराहना की जा रही है। विशेष आदर्श ग्राम बनाने के लिए गांव में और भी बेहतर कार्य का निर्वहन किया जा रहा है। जैसे कि गांव को नशामुक्ति के लिए अभियान गांव गली में शराब बिक्री पूरी तरह बंद, जुआ, सट्टा पर प्रतिबंध लगाकर आर्थिक दंड इस तरह से गांव के विकास व सुधार के लिए विशेष कार्य जिसकी सराहना पूरी ग्राम वासी कर रहे है।



**ग्रामीणों का मिल रहा सहयोग**

चौड़ी करण का कार्य लगातार चल रहा हे। मशीन से खुद की बजट लगा कर सकरी रोड तोड़कर गांव के रोड को बेहतर बनाया जा रहा है। इसमें सभी ग्रामीणों का सहयोग मिल रहा है। इस तरह शासन प्रशासन की कार्य को पंचायत स्तर पर अंजाम देकर शासन की मदद की जा रही हे।

**बनाना है आदर्श गांव**

एक आदर्श गांव के रूप मे लाना हमारी पहली प्राथमिकता है। इसके साथ ही साथ गांव को नशामुक्त बनाने की पहल की जा रही है। विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

अनिता फिरत रत्नाकर

### अमित बने जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी

**रायगढ़।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष द्वारा जिला पदाधिकारी की सूची जारी की गई। जिसमें खरसिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाजपा नेता अमित साहू को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। युवा भाजपा नेता अमित साहू को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी बनने पर खरसिया विधानसभा क्षेत्र सहित जिले भर में सभी चाहने वालों में हर्ष व्याप्त है। अमित साहू ने कहा की मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को रायगढ़ जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी जैसा महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किया जिसके लिए भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, रायगढ़ विधायक मंत्री ओपी चौधरी, रायगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष अरूणधर दीवान समेत अन्य नेताओं का धन्यवाद अर्पित किया।



# नपं में अध्यक्ष तुंहर द्वार कार्यक्रम के तहत आवास सहायता शिविर

■ वार्ड 9-10 के हितग्राहियों के आवेदनों का हुआ त्वरित निराकरण

**चंद्रपुर।** नगर पंचायत चंद्रपुर में आम जनता तक शासकीय योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने एवं वार्ड के मूलभूत समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन एवं पार्षदों की पहल पर हाल ही में अध्यक्ष तूहर द्वार कार्यक्रम संचालित किया गया था। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान नगर के विभिन्न वार्डों से प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनके निराकरण के लिए विशेष शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया था।

इसी क्रम में मंगलवार को नगर के वार्ड क्रमांक 9 एवं 10 के निवासियों के लिए तुलसी मानस मंच, यादव मोहल्ला, चंद्रपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना सहायता शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर में आवास योजना से जुड़े लंबित आवेदनों पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया और पात्र हितग्राहियों के सभी आवेदनों को तत्काल पीएम आवास के ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर आगे की प्रक्रिया सुनिश्चित की गई। शिविर के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन स्वयं उपस्थित रहे। उन्होंने नगर पंचायत के कर्मचारियों से चर्चा कर कार्यप्रणाली का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने वार्ड 9 एवं 10 के नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा आवास, मूलभूत सुविधाओं और विकास कार्यों से संबंधित मुद्दों पर समाधान की पहल की। अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा कि नगरवासियों को योजनाओं का लाभ दिलाना उनकी प्राथमिकता है और ऐसे शिविर आगे भी आयोजित किए जाएंगे ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना से वंचित न रहना पड़े। वही कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन, पार्षद पीलाबाई भोली बरेठ, अन्य पार्षदगण, नगर के गणमान्य नागरिक, नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# एनडीपीएस मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार, 5 किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

थाना प्रभारी शिवकुमार धारी के नेतृत्व में भटगांव पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 जनवरी को दो लोग बिना नंबर की मोटरसाइकिल में अवैध गांजा लेकर एसपी साइन की ओर से भटगांव आ रहे हैं। इस जानकारी के बाद पुलिस टीम ने थाना गेट के सामने मेन रोड भटगांव में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग शुरू की। चेकिंग के दौरान एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल खान कबाड़ी दुकान के सामने धीमी हुई। तभी पीछे बैठा एक व्यक्ति उतरकर बस्ती की ओर भाग गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मोटरसाइकिल चालक को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम अरुण यादव पिता राम प्रसाद यादव 27 निवासी मल्दी बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 5 किलो 700 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। आरोपी को उसी दिन गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। मौके से फरार हुए दूसरे आरोपी की लगातार पतासाजी की जा रही थी। इसी क्रम में 10 फरवरी को पुलिस ने उसे पकड़ने में सफलता प्राप्त की। आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम वकेश्वर वर्मा पिता शोभित वर्मा 25 निवासी मल्दी थाना बिलाईगढ़ बताया। कार्रवाई करते हुए उसे भी न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।




# बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए तरस रहा कोसीर क्षेत्र, लोगों में बढ़ने लगा आक्रोश

**कोसीर।** 19 जनवरी 2025 को जब सीएम का सारंगढ़ आगमन हुआ था तो ग्राम कोसीर में स्वास्थ्य सुविधा को ध्यान में रखकर स्वास्थ्य केन्द्र की उन्नयन कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की घोषणा किया था, लेकिन यह घोषणा धरी के धरी रह गई है।

19 जनवरी 2025 को मुख्य मंत्री के बनने के प्रथम आगमन पर कोसीर क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात दिया था। इसके बाद कोसीर वासियों ने खुशी व्यक्त किया था और मुख्य मंत्री का इसके लिए सराहना की गई। उनके नहीं मालूम था कि यह घोषणा केवल एक छलावा है उसके सपने केवल सपने ही बनकर रह जायेगा और कोसीर क्षेत्र वासी को झुनझुना पकड़ा देगा। आज एक साल बीतने के बाद भी इस घोषणा में अमल नहीं हुआ तो लोग अब समझने लगे हैं कि कोसीर एक बार फिर से ठग का शिकार हो गया और उसके स्वास्थ्य सुविधा की बनने की चाहत केवल सपना ही बनकर रह गया। विदित हो कि कोसीर में स्वास्थ्य सुविधा बेहाल है छोटी सी छोटी बीमारी के लिए भी कोसीर क्षेत्र वासियों को कोसो दूर जाना पड़ता है। विशेषज्ञ डॉक्टर की कमी स्पस्ट रूप से दिखाई पड़ती ही है जिसे लेकर कई वषो से मांग करते आ रहे है।

# पीएम सेजेस में उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव

**घरघोड़ा।** पीएम सेजेस घरघोड़ा में आयोजित आरोहण सांस्कृतिक प्रदर्शनी एवं वार्षिक उत्सव बड़े ही उत्साह, भव्यता एवं वातावरण के बीच सम्पन्न हुआ। विद्यालय परिसर में सुबह से ही उत्सव जैसा माहौल निर्मित हो गया था। छात्र छात्राओं, पालकों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की रूपरेखा को सफल बनाने में डीएमसी रायगढ़ आलोक स्वर्णकार एवं अभय पाण्डेय का विशेष योगदान एवं मार्गदर्शन रहा, जिनके निर्देशन में कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं आकर्षक रूप में आयोजित हुआ।

इसी कड़ी में कार्यक्रम मुख्य अतिथि जनपद पंचायत घरघोड़ा के अध्यक्ष सहानु पैंकरा की अध्यक्षता तथा विशिष्ट अतिथि अनुविभागीय अधिकारी दुर्गा प्रसाद अधिकारी आईएएस की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीईओ विनय चौधरी, तहसीलदार मनोज गुप्ता, नायब तहसीलदार सहोदर पैंकरा सहित अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुविभागीय अधिकारी डीपी अधिकारी ने विद्यालय परिवार के सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आरोहण जैसे आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ साथ सांस्कृतिक, सामाजिक, खेल एवं अन्य रचनात्मक क्षेत्रों में भी अपना परचम लहराएँ तथा विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करें। डीएमसी रायगढ़ आलोक स्वर्णकार ने अपने संबोधन में पीएम विद्यालय की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पीएम विद्यालय देश की नई शिक्षा नीति की सोच को साकार करने वाला मॉडल स्कूल है। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सामूहिक नृत्य, लोकनृत्य एवं विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने विद्यालय प्रांगण को भाव विभोर कर दिया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। वहीं विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन, लोकसंस्कृति एवं हस्तशिल्प से सजे स्टॉलों ने पालकों, जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों का मन मोह लिया। स्थानीय संस्कृति की झलक ने कार्यक्रम को और अधिक समृद्ध बना दिया। मुख्य अतिथि सहानु पैंकरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पीएम विद्यालय क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। यहाँ पदस्थ शिक्षक शिक्षिकाएँ उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण निर्मित कर विद्यार्थियों का भविष्य संवार रहे हैं।



# एनएमएल एनटीपीसी तलईपल्ली में फन फेस्ट 2026 का आयोजन

**घरघोड़ा।** एनएमएल तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना की तिलोत्तमा महिला समिति द्वारा कोशल विहार टाउनशिप में फन फेस्ट 2026 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम मोर छत्तीसगढ़ मोर तलईपल्ली रही, जिसमें छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति परंपरा एवं सामुदायिक भावना का जीवंत प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीमती मीनाक्षी श्रीवास्तव, वरिष्ठ सदस्य, संयुक्ता लेडीज़ क्लब, श्रीमती पूनम जैन, अध्यक्ष, स्वयंसिद्धा लेडीज़ क्लब तथा श्रीमती कविता सक्सेना, अध्यक्ष, प्रेरणा लेडीज़ क्लब द्वारा किया गया। आयोजन में अखिलेश सिंह, परियोजना प्रमुख, एनएमएल तलईपल्ली एवं सुभाष ठाकुर, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी लारा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का नेतृत्व श्रीमती संगीता सिंह, अध्यक्ष, तिलोत्तमा महिला समिति ने किया। मेले में विभिन्न फूड स्टॉल, मनोरंजक खेल एवं स्थानीय कारीगरों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक करमा नृत्य से हुई, जिसके बाद खैरागढ़ से आए कलाकारों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर अतिथियों ने आयोजन की सराहना की।



